C M Y K

# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

DIGITAL - EPAPER

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 109 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - रविवार, 5 अक्टूबर 2025 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4

## ग्रामीण सेवा शिविर में मंत्री दिलावर का औचक निरीक्षण, शिविर में कर्मचारियों की अनुपस्थिति पर एसडीएम को लगाई फटकार

**भीलवाड़ा फोकस @ कोटा।**



राजस्थान के शिक्षा और पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने शनिवार को लाडपुरा पंचायत समिति के ग्राम पंचायत बोराबास में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर का औचक निरीक्षण किया। शिविर में कर्मचारियों की अनुपस्थिति और अव्यवस्था देखकर मंत्री का गुस्सा फूट पड़ा। उन्होंने मौके पर ही एसडीएम और नायब तहसीलदार को फटकार लगाई और उपस्थिति रजिस्टर में नोट दर्ज कर लापरवाह कर्मचारियों की जवाबदेही तय करने के निर्देश दिए।

शिविर का निर्धारित समय सुबह साढ़े 9 बजे से शाम 6 बजे तक था, लेकिन जब मंत्री 10:15 बजे पहुंचे तो अधिकांश कर्मचारी कुर्सियों पर नहीं थे और टेंट तो लगा था, लेकिन व्यवस्था दुरुस्त नहीं थी। 18 विभागों के कर्मचारियों में से केवल 3-4 विभागों के अधिकारी ही उपस्थित थे, जो कमरे के अंदर बैठे थे। नायब तहसीलदार लेखराज स्वामी ने सफाई दी कि वे ग्रामीणों के आने का इंतजार कर रहे थे। मंत्री ने यह स्वीकार नहीं किया और उपस्थिति रजिस्टर में 10:27 बजे तक की स्थिति दर्ज कराई। निरीक्षण के दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ता आनन-फानन में व्यवस्था बनाने लगीं। मंत्री ने करीब एक घंटे तक शिविर स्थल पर रहकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और उनके समाधान के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। इस दौरान सरपंच अर्जुन गुंजल, सहायक खंड विकास अधिकारी सत्येंद्र मीणा और ग्राम विकास अधिकारी सौरभ शर्मा भी उपस्थित रहे। मंत्री दिलावर ने स्पष्ट कहा कि प्रशासनिक लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि ग्रामीण सेवा शिविरों का उद्देश्य आम लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान करना है, और भविष्य में ऐसी स्थिति दोहराई गई तो सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## जयपुर में महिला की हत्या से सनसनी-डेयरी बूथ में अर्धनग्न हालत में मिला शव, रेप की आशंका



**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।**

विद्याधर नगर क्षेत्र में एक खाली डेयरी बूथ से महिला का अर्धनग्न शव मिलने से सनसनी फैल गई। महिला के चेहरे और शरीर पर चोट व रगड़ के निशान पाए गए, जिससे हत्या और रेप की आशंका जताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, देर रात एक सिक्योरिटी गार्ड ने बूथ का दरवाजा खुला देखा। अंदर झांकने पर उसने महिला को बेसुध हालत में पाया और तुरंत पुलिस को सूचना दी।एफएसएल और डॉग स्क्वॉड टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए। प्रारंभिक जांच में मृतका की उम्र लगभग 30 वर्ष बताई जा रही है, जो पिछले दिनों से खानाबदोश अवस्था में इलाके में रह रही थी।

पुलिस ने शव को कांवटिया अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है और 2-3 संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के बाद रेप और हत्या की पुष्टि हो सकेगी।

## फर्जी रजिस्ट्री प्रकरण में दो ईनामी सहित तीन आरोपी गिरफ्तार

**भीलवाड़ा फोकस @ आसींद ।**

फर्जी रजिस्ट्री प्रकरण में थाना पुलिस और जिला विशेष टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए दो ईनामी आरोपी सहित तीन को गिरफ्तार किया है। तीनों आरोपियों पर विरासत भूमि की फर्जी रजिस्ट्री करवाने का आरोप है। जानकारी के अनुसार पुलिस ने ईनामी राजेश पिता ओमप्रकाश वैष्णव (38), निवासी आसींद ,सांवल पिता नाथू सिंह पंवार (39), निवासी आसींद एवं राजू पिता भोमा राम गुर्जर (38), निवासी प्रतापपुरा को हिरासत में लिया है । थानाधिकारी हंसपाल सिंह ने बताया कि तहसीलदार एवं पदेन उपपंजीयक कार्यालय आसींद ने 2024 में रिपोर्ट दी थी कि आरोपियों ने आसींद निवासी गीता देवी की कृषि भूमि की फर्जी रजिस्ट्री करवाकर नामांतरण खुलवा लिया। जिसमे आरोपियों ने असली भू-स्वामी की जगह फर्जी महिला गीता देवी को खड़ा कर कूट रचित दस्तावेज तैयार किए और भूमि अपने नाम करवा ली। अनुसंधान के दौरान साक्ष्य मिलने पर गिरफ्तार आरोपी राजेश वैष्णव व सांवल



पंवार पर 5000-5000 का इनाम घोषित किया गया था।

जिला विशेष टीम ने निरंतर प्रयास कर दोनों ईनामी आरोपियों को दबोच लिया। तीसरा आरोपी राजू गुर्जर पहले से पुलिस अभिरक्षा में है और उससे पूछताछ जारी है। अन्य फरार आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## आसींद में फायरिंग, युवक गंभीर रूप से घायल



**भीलवाड़ा फोकस @ आसींद ।**

उपखंड क्षेत्र के प्रतापपुरा गांव में शनिवार को एक युवक पर दिनदहाड़े फायरिंग होने से इलाके में सनसनी फैल गई। घटना में वर्कशॉप की दुकान पर रिपेयरिंग कर रहा युवक विनोद सिंह पिता मदन सिंह राठौड़ गंभीर रूप से घायल हो गया । वारदात के बाद आसपास के लोग दहशत में आ गए और मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

जानकारी के अनुसार, विनोद अपनी दुकान पर था, तभी कार से आए एक युवक ने अचानक गोली चला दी। गोली लगने से वो लहूलुहान हो गया । ग्रामीणों ने तुरंत उसे आसींद अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए जिला अस्पताल रैफर किया गया। फायरिंग करने वाला युवक विनोद का ही फूलदा निवासी दोस्त प्रताप सिंह राव बताया जा रहा है। फिलहाल हमले के पीछे का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर छानबीन शुरू कर दी है और आरोपी की तलाश जारी है।

## खजीना में संभाग स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता आज से, शिक्षा मंत्री दिलावर करेंगे शुभारंभ

**भीलवाड़ा फोकस @ आकोला**



(जसवंत पारीक)। आकोला पंचायत के खजीना गांव में रविवार से संस्कृत शिक्षा विभाग की 14 से 19 वर्ष वर्ग की संभाग स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ किया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ राजस्थान सरकार के शिक्षा मंत्री मदन दिलावर द्वारा सुबह सवा दस बजे परंपरागत विधि-विधान से होगा । समारोह की अध्यक्षता मांडलगढ़ विधायक गोपाल खंडेलवाल करेंगे, जबकि अतिथि भीलवाड़ा सांसद दामोदर अग्रवाल, जिला प्रमुख बरजी बाई, कोटड़ी प्रधान करण सिंह बेलवा, भाजपा जिला महामंत्री कन्हैयालाल जाट, नंदराय मंडल अध्यक्ष प्रकाश सांगावत, संभागीय शिक्षा अधिकारी अजमेर श्याम बाबू शर्मा, आकोला प्रशासक शिव लाल जाट समेत कई गणमान्य लोग शामिल होंगे।


प्रतियोगिता में अजमेर संभाग की करीब 80 टीमों के खिलाड़ी भाग लेंगे। ग्रामीणों ने बताया कि खिलाड़ियों और टीमों के लिए विश्राम, भोजन और अन्य व्यवस्थाओं का व्यापक प्रबंध किया गया है। इस आयोजन को लेकर गांव में भारी उत्साह और उल्लास का माहौल है।

## बिजोलिया में मूसलाधार बारिश से जलभराव, नगर पालिका की सफाई व्यवस्था पर सवाल

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया**

नगर में शनिवार देर शाम हुई तेज बारिश ने कस्बे में जलभराव की स्थिति पैदा कर दी। बिजली की गड़गड़ाहट के साथ लगभग डेढ़ घंटे तक हुई मूसलाधार बारिश के बाद सब्जी मंडी, पंचायत चौक और अस्पताल मार्ग पर पानी तीन-तीन फीट तक भर गया।

कई दुकानदार और मकान मालिक अपने घरों और दुकानों से पानी निकालते नजर आए। नगर वासियों ने नियमित नालों और नालियों की सफाई न होने पर नाराजगी जताई और नगर पालिका की सफाई व्यवस्था पर सवाल उठाए। बारिश के दौरान बिजली भी बाधित रही, जिससे नगरवासियों की मुश्किलें और बढ़ गईं। नगर वासियों का



कहना है की नगर में नालिया कचरे से अटी पड़ी है , कॉलोनियों में कभी कभार सफाई करवाई जा रही है । जिसके चलते गंदगी का अंबार और अव्यवस्थाओं के आलम बन रहे है ।

## इंटरसिटी एक्सप्रेस की चपेट में आने से अज्ञात युवक की मौत

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

भीलवाड़ा-अजमेर रेल मार्ग पर डालना मिल के पास शनिवार सुबह एक अज्ञात युवक इंटरसिटी एक्सप्रेस के सामने आ गया। हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई । पुलिस ने बताया कि उदयपुर से जयपुर जा रही ट्रेन डालना मिल के पास पहुंची थी, तभी युवक अचानक ट्रेन के सामने आ गया। ट्रेन के लोको पायलट ने स्टेशन मास्टर के माध्यम से पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और शव को जिला अस्पताल मोर्चरी में रखवाया । मृतक की उम्र 30 से 35 वर्ष के लगभग बताई जा रही है। युवक के हाथ पर टैटू गुदा हुआ है। पुलिस पहचान में जुटी है

'भीलवाड़ा फोकस'

अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।

Mo.– 8696795959

Bhilwarafocus@gmail.com

BHILWARA Focus

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ

C M Y K

## मंशा गांव के पास सड़क हादसे में बाइक सवार गंभीर घायल, पिकअप चालक फरार

**भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी ग्रामीण**

**दिनेश पारिक** । उपखंड क्षेत्र के मंशा गांव के पास शनिवार सुबह एक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार कोटड़ी निवासी कमलेश वैष्णव पुत्र सत्यनारायण वैष्णव, जो गेहूली में प्राइवेट क्लिनिक चलाता हैं, सुबह करीब 9 बजे बाइक से गेहूली जा रहा था । इसी दौरान सगतपुरिया की ओर से तेज रफ्तार में आई पिकअप ने उसकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में कमलेश गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों की मदद से उसे कोटड़ी अस्पताल ले जाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद जिला चिकित्सालय रेफर किया गया। हादसे के बाद पिकअप चालक वाहन सहित फरार हो गया।

## पति ने पत्नी पर संडासी से किया हमला, महिला गंभीर रूप से घायल

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**




पुर थाना क्षेत्र के ठगो का खेड़ा गांव में शनिवार दोपहर घरेलू हिंसा की एक गंभीर वारदात ने इलाके में सनसनी फैला दी। घर में घुसकर पति ने पत्नी पर संडासी से हमला कर दिया , जिससे महिला को गंभीर हालात में महात्मा गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

जानकारी के अनुसार, ठगो का खेड़ा निवासी राधा गुर्जर अपने पति सावर गुर्जर के साथ पिछले लंबे समय से चल रहे विवाद के चलते पिता के घर रह रही थी । शनिवार दोपहर सावर उसकी पत्नी के पिता घर में दीवार लांघकर घुसा और लोहे की संडासी से राधा पर हमला कर दिया। हमले में राधा के सिर पर गंभीर चोटें आई, जिसके बाद परिजनों ने उसे तत्काल उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया।

घटना की सूचना पर पुलिस ने घटना स्थल का निरीक्षण किया है और आरोपी की तलाश में जुटी है ।

## शाहपुरा में दिनदहाड़े चोरी, मकान से सोने-चांदी के आभूषण ले उड़े चोर

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा**



**मूलचंद पेसवानी।** नगर में चोरी की घटनाओं में लगातार वृद्धि हो रही है। शनिवार को गाडरी खेड़ा क्षेत्र में गोपाल गाडरी पुत्र मिश्रीलाल गाडरी के मकान में दिनदहाड़े चोरी की वारदात सामने आई। चोर घर से सोने-चांदी के आभूषण लेकर फरार हो गए। चोरी गए सामान में चांदी की कनक्ति, नाक की बाली और मांदड़िया शामिल हैं, जिनकी कीमत लगभग दो से तीन लाख रुपये बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस उपाधीक्षक ओमप्रकाश विश्नोई, ईएसआई गोपाललाल और चालक किशन गोपाल खींची के नेतृत्व में पुलिस जाप्ता मौके पर पहुंचा और स्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने आसपास के इलाकों में सर्च अभियान चलाया तथा संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ शुरू की। स्थानीय लोगों के अनुसार, चोर बाइक पर सवार होकर आए और वारदात को अंजाम देने के बाद फरार हो गए। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और अधिकारियों ने जल्द ही चोरों को गिरफ्तार करने का भरोसा दिया। ग्रामीणों ने बढ़ती चोरी की घटनाओं पर नाराजगी जताई और क्षेत्र में पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग की।

## खबर का असर : महुआ में 6 दिन बाद पानी की समस्या का समाधान, सप्लाई हुई सुचारू

**भीलवाड़ा फोकस @ महुआ ।**

**महावीर वैष्णव** । कस्बे के लोगों के लिए राहत की खबर है। करीब 6 दिन से पेयजल की किल्लत झेल रहे कस्बेवासियों के लिए शनिवार सुबह पानी की सप्लाई सुचारू हो गई। जानकारी के अनुसार, चम्बल परियोजना के तहत लगाए गए पेयजल नलों में पानी की आपूर्ति रुक गई थी। भीलवाड़ा फोकस में खबर प्रकाशित होने के बाद संबंधित विभाग ने तुरंत हरकत में आते हुए पाइपलाइन की मरम्मत कर पानी की आपूर्ति शुरू कर दी। पानी की सप्लाई होने से कस्बे के लोगों ने विभाग की कार्रवाई से राहत जताई और लगातार जल आपूर्ति सुचारू होने पर खुशी व्यक्त की।

### नाम परिवर्तन

**मेरा पूर्व नाम चन्द्रवीर सिंह चुडांवत था मेरा सही नाम चन्द्रवीर सिंह हैं। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाए निवासी 61 धाकड़ बस्ती मकरेड़ी तहसील बिजौलियाँ जिला भीलवाड़ा (राज0)**

# रीको क्षेत्र में मजदूरों पर अत्याचार, गिरोह बनाकर फैक्ट्रियों में फैला रखा है खौफ

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**



रीको औद्योगिक क्षेत्र में कपड़ा व्यवसाय से जुड़े मजदूरों ने एक ठेकेदार पर गंभीर आरोप लगाते हुए प्रशासन को ज्ञापन सौंपा है। आरोप है कि पटेल नगर निवासी ठेकेदार पन्नालाल चौधरी ने एक आपराधिक गिरोह बना रखा है, जो मजदूरों को डराकर न केवल उनके काम में बाधा डालता है, बल्कि जानलेवा हमलों से उन्हें घायल भी कर चुका है।

ज्ञापन में बताया गया है कि यह गिरोह फैक्ट्रियों में काम करने वाले मजदूरों को डरा-धमकाकर काम से रोक देता है। आदेश न मानने पर मजदूरों को झूठे मुकदमों में फंसाने, मारने और हाथ-पैर तोड़ने की धमकी दी जाती है। ड्रॉइंग व पिनिंग जैसे तकनीकी कार्यों में लगे श्रमिकों का आरोप है कि गिरोह के इशारे पर उनकी अंगुलियां तक तुड़वाई गईं, ताकि वे मशीनों पर काम न कर सकें।

ज्ञापन में बताया गया है कि चौधरी और उसके रिश्तेदारों ने करीब 70 से अधिक फैक्ट्रियों के ठेके अपने कब्जे में ले रखे हैं। स्थानीय ठेकेदारों को धमकाकर ठेके छुड़वाए जाते हैं और अपने करीबियों को ठेका दिलवाया जाता है।

इस आपराधिक गतिविधि से 500 से 700 मजदूर प्रभावित बताए गए हैं, जिनमें राजस्थान के अलावा बिहार और उत्तर प्रदेश से आए प्रवासी श्रमिक भी शामिल हैं।

ज्ञापन में पूर्व में हुई एक घटना का भी जिक्र किया गया है, जिसमें मजदूर कमल गुर्जर पर बोलेरो से टक्कर मारने के बाद उसके हाथ-पैर तोड़ दिए गए थे। घटना के सीसीटीवी फुटेज सामने आने के बावजूद मुख्य आरोपी के खिलाफ अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। मजदूरों और ड्रोइंग एसोसिएशन ने प्रशासन से मांग की है कि पन्नालाल चौधरी और उसके गिरोह के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए और मजदूरों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए।

## बलदरखा में विकास को नई दिशा : नव निर्मित कक्षा-कक्ष व सहकारी समिति संचालन कक्ष का लोकार्पण

**भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़।**



विकास की सतत धारा और जनकल्याण की भावना के साथ ग्राम बलदरखा में शनिवार को शिक्षा और सहकारिता से जुड़ी दो महत्त्वपूर्ण परियोजनाओं का विधायक गोपाल खण्डेलवाल द्वारा लोकार्पण किया गया। समग्र शिक्षा योजना के अंतर्गत राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बलदरखा में नव निर्मित कक्षा-कक्ष तथा ग्राम सेवा सहकारी समिति में नवनिर्मित संचालन कक्ष का उद्घाटन कर ग्रामीणों को समर्पित किया गया।

इस अवसर पर खण्डेलवाल ने कहा कि शिक्षा और सहकारिता ग्रामीण विकास की रीढ़ हैं। नए कक्षों के निर्माण से विद्यार्थियों को बेहतर अध्ययन वातावरण मिलेगा, वहीं समिति का संचालन कक्ष स्थानीय स्तर पर प्रशासनिक कार्यों को सुदृढ़ करेगा।

कार्यक्रम में भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष श्याम अहीर, विधानसभा संयोजक अनिल पारीक, नगरपालिका चेयरमैन संजय डांगी, जिला कार्यकारिणी सदस्य गोवर्धन वैष्णव, पूर्व चेयरमैन विनोद ओस्तवाल, जिला परिषद सदस्य हरीलाल जाट, पंचायत समिति नेता प्रतिपक्ष सत्यनारायण मेवाड़ा, मंडल उपाध्यक्ष मनोज कुमार सनाढ्य, सत्यनारायण सुथार, बूथ अध्यक्ष विनोद आमेटा, कन्हैयालाल सुथार, श्यामलाल शर्मा सहित अनेक ग्रामवासी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## शिक्षकों की कमी से भड़का आक्रोश -केरिया सरकारी स्कूल के गेट पर छात्रों ने जड़ा ताला, सड़क पर किया प्रदर्शन

**भीलवाड़ा फोकस @ मांडल।**





थाना क्षेत्र के केरिया गांव स्थित राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में शिक्षकों की कमी को लेकर शनिवार को छात्राओं का गुस्सा फूट पड़ा। पढ़ाई ठप होने से नाराज छात्राओं ने स्कूल के मुख्य गेट पर ताला जड़ दिया और सड़क पर बैठकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन शुरू कर दिया। प्रदर्शन के दौरान छात्राओं ने साफ कहा कि जब तक स्कूल में शिक्षकों की संख्या नहीं बढ़ाई जाती, तब तक विरोध जारी रहेगा।

जानकारी के अनुसार विद्यालय में कक्षा 12वीं तक कुल 196 छात्राएँ अध्ययनरत हैं, जबकि पढ़ाने के लिए सिर्फ तीन शिक्षक ही तैनात हैं। इनमें से एक शिक्षक को बीएलओ ड्यूटी पर लगा दिया गया है, जिससे कक्षाओं का संचालन और भी प्रभावित हो रहा है। छात्राओं ने बताया कि इतने कम शिक्षकों के कारण कक्षाएँ नियमित रूप से नहीं लग पा रहीं, जिससे उनकी पढ़ाई बुरी तरह प्रभावित हो रही है।

छात्राओं और अभिभावकों ने बताया कि स्कूल में शिक्षकों की कमी की शिकायत कई बार शिक्षा विभाग और प्रशासन को की गई, लेकिन किसी ने ध्यान नहीं दिया। मजबूर होकर अब छात्राओं को गेट बंद कर विरोध करने के लिए सड़क पर उतरना पड़ा।

प्रदर्शनकारी छात्राओं ने कहा कि जब तक विद्यालय में आवश्यक शिक्षकों की नियुक्ति नहीं की जाती, वे धरना जारी रखेंगी। ग्रामीणों ने भी शिक्षा विभाग से मांग की है कि बालिकाओं की पढ़ाई और भविष्य को ध्यान में रखते हुए जल्द से जल्द शिक्षकों की कमी पूरी की जाए।



## QUICK BITES

### संघ शताब्दी समारोह में ग्रीन लिटिल बेबी श्रेया कुमावत की अनोखी पर्यावरण प्रदर्शनी

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा




**मूलचंद पेसवानी।** संघ की शताब्दी समारोह के दौरान नन्ही पर्यावरण प्रेमिका श्रेया कुमावत ने अपनी अनोखी प्रदर्शनी ग्रीन लिटिल बेबी प्रस्तुत की, जिसने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। प्रदर्शनी में भारतीय वनस्पति, देसी बीज संरक्षण, जैविक खेती और प्राकृतिक कीटनाशक के महत्व को दर्शाया गया।

सबसे आकर्षक भाग था बेस्ट टू बेस्ट फ्रॉम वेस्ट, जिसमें प्लास्टिक अपशिष्ट को रीसायकल कर पौधा-पात्र बनाए गए और उनमें पेड़-पौधे लगाए गए। श्रेया ने बीज दान, प्लास्टिक मुक्त घर और इको-फ्रेंडली जीवनशैली जैसे संदेश भी दिए।

कार्यक्रम में विधायक डॉ. लालाराम बैरवा, भारत भूषण प्रांत शारीरिक प्रमुख, दीपक और महंत सीताराम महाराज सहित कई गणमान्य उपस्थित रहे और उन्होंने श्रेया की पहल की सराहना की। प्रदर्शनी ने पर्यावरण जागरूकता फैलाने के साथ बच्चों और युवाओं को स्वदेशी पौधों और जैविक उत्पादों के महत्व से परिचित कराया।

### बालिका विद्यालय में अणुव्रत उद्बोधन सप्ताह के तहत मनाया गया सांप्रदायिक सौहार्द दिवस

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा



**मूलचंद पेसवानी।** पीएम श्री वीर माता माणिक कंवर राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, शाहपुरा में अणुव्रत उद्बोधन सप्ताह के तृतीय दिवस पर सांप्रदायिक सौहार्द दिवस उत्साह और आध्यात्मिक वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में विविधता में एकता भारत की पहचान विषय पर निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें छात्राओं ने देश की एकता, अखंडता और धार्मिक सहिष्णुता को अपने लेखन में व्यक्त किया। अणुव्रत समिति शाहपुरा के अध्यक्ष रामस्वरूप काबरा ने छात्राओं को अणुव्रत के सिद्धांतों के बारे में बताया और जीवन में सत्य, अहिंसा तथा सहिष्णुता अपनाने का आह्वान किया। प्रधानाचार्य रीता धोबी ने कहा कि अणुव्रत आंदोलन समाज में नैतिकता और सदाचार की भावना को प्रबल करने का प्रतीक है।

निबंध प्रतियोगिता में राजलक्ष्मी वैष्णव ने प्रथम, भूमिका कोली ने द्वितीय और आराध्या सेन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को प्रार्थना सभा में सम्मानित कर पारितोषिक प्रदान किए जाएंगे।

कार्यक्रम का संचालन रेखा जैन ने किया और आभार प्रदर्शन पीयूष गदिया ने किया।

भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ
एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!
"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है।
क्या आपके पास है –
- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव?
तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।
संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com

# सेवा पखवाड़े में जनकल्याण की गूंज - विधायक डॉ. लालाराम बैरवा ने किया विकास कार्यों का लोकार्पण

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।




**मूलचन्द पेसवानी ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर चल रहे सेवा पखवाड़े के तहत शनिवार को ग्राम पंचायत कनेछन कला में ग्रामीण सेवा शिविर आयोजित हुआ। इस दौरान विधायक डॉ. लालाराम बैरवा ने शिविर का निरीक्षण कर विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण किया और ग्रामीणों से संवाद किया। विधायक बैरवा ने कहा कि ÷सेवा पखवाड़ा समाज सेवा और जनकल्याण की भावना का प्रतीक है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार योजनाओं का लाभ हर घर तक पहुंचा रही है।÷ उन्होंने कनेछन कला व बजरंगपुरा बैरवा बस्ती में 5-5 लाख की लागत से बने दो विश्रांति गृहों का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि ये भवन सामाजिक और धार्मिक आयोजनों में ग्रामीणों के लिए उपयोगी साबित होंगे।

विधायक ने मुख्यमंत्री निःशुल्क दवा योजना, ग्रामीण विकास योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, उज्ज्वला और आवास योजना जैसी योजनाओं की जानकारी दी और कहा कि गांवों का समग्र विकास ही मेरा संकल्प है। शिविर में पात्र लाभार्थियों को योजनाओं के प्रमाणपत्र व किट वितरित किए गए। ग्रामीणों ने विधायक का स्वागत किया और पहली बार इतनी विस्तृत जनसंवाद के लिए आभार जताया।

कार्यक्रम में प्रधान प्रतिनिधि धर्मराज चाड़ा, मंडल अध्यक्ष अभिषेक कलाल, सरपंच प्रतिनिधि छोटू गुर्जर, आत्माराम खारोल सहित अनेक जनप्रतिनिधि व ग्रामीण उपस्थित रहे।

# राज्य स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता: भीलवाड़ा ने दूसरे दिन जीते 2 स्वर्ण, 1 रजत और 2 कांस्य पदक

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।




**मूलचंद पेसवानी।** स्वामी केशवानंद स्कूल, सीकर में 1 से 7 अक्टूबर तक आयोजित राज्य स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता में भीलवाड़ा के तैराकों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दूसरे दिन 2 स्वर्ण, 1 रजत और 2 कांस्य पदक अपने नाम किए।

प्रतियोगिता में 50 मीटर फ्री स्टाइल में आदित्य लक्षकार और 100 मीटर बेक स्ट्रोक में लोकेंद्र सिंह ने स्वर्ण पदक जीते। 200 मीटर ब्रेस्ट स्ट्रोक में रजत पदक रहा। 4म100 मीटर फ्री स्टाइल रिले 17 वर्ष बालक में भीलवाड़ा की टीम आदित्य लक्षकार, अनिकेत सेन, रोहित आचार्य और प्रिंस ने कांस्य पदक प्राप्त किया। बालिकाओं की टीम खुशी आचार्य, आलिया कायमखानी, प्रीति माली और अदिति खोईवाल ने भी शानदार प्रदर्शन कर तीसरे दिन 50 मीटर ब्रेस्ट स्ट्रोक में कांस्य पदक जीता।

प्रतियोगिता के पहले दिन भी भीलवाड़ा की टीम ने 3 रजत और 4 कांस्य पदक जीते थे। 400 मीटर फ्री स्टाइल में पूर्वाक्ष शर्मा और माया खटीक ने रजत पदक, 400 मीटर पीडी में आदित्य उपाध्याय ने रजत और रामघनी कहार ने कांस्य पदक जीता। 4म100 मीटर मेडले रिले में बालक श्रेणी में रणवीर मीणा, ताहिर, आदित्य और त्रिलोक खटीक तथा बालिका श्रेणी में भूमि, माया खटीक और प्रीति वैष्णव की टीम ने कांस्य पदक हासिल किया। टीम प्रभारी बालेश्वर आचार्य ने कहा कि भीलवाड़ा के तैराक लगातार अपनी प्रतिभा दिखा रहे हैं और आगामी दिनों में और पदक जीतने की पूरी क्षमता रखते हैं। इन उपलब्धियों ने स्थानीय खेल प्रेमियों में उत्साह और युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा पैदा की है।

# विधायक बैरवा ने किया औचक निरीक्षण, 4.20 करोड़ के स्कूल भवन निर्माण में मिली गंभीर खामियां





भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा

**(मूलचंद पेसवानी)।** पंचायत समिति क्षेत्र की डाबला ग्राम पंचायत के चांदा में डीएमएफटी फंड से ?4.20 करोड़ की लागत से बन रहे राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के नए भवन निर्माण में घटिया सामग्री के उपयोग की शिकायतों पर शनिवार को विधायक डॉ. लालाराम बैरवा ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विधायक ने पाया कि निर्माण कार्य में निकृष्ट गुणवत्ता की ईंटें, सीमेंट और बालू का उपयोग किया जा रहा है, साथ ही चुनाई कार्य भी मानकों के अनुरूप नहीं है। उन्होंने इस पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि झालावाड़ हादसे के बाद भी अभियंता और ठेकेदार लापरवाही बरत रहे हैं, जो विद्यार्थियों की सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा है। विधायक बैरवा ने मौके से ही जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधु को दूरभाष पर स्थिति से अवगत कराया, जिस पर कलेक्टर ने तुरंत सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके साथ ही विधायक ने शिक्षा मंत्री मदन दिलावर को भी निर्माण कार्य की वास्तविक स्थिति की जानकारी दी।

ग्रामीणों ने बताया कि वे पहले भी घटिया निर्माण को लेकर कई बार शिकायत कर चुके हैं, लेकिन अब तक कोई सुनवाई नहीं हुई। सरपंच प्रतिनिधि अजय प्रताप सिंह ने ग्रामीणों की ओर से कहा कि ठेकेदार और कार्यकारी एजेंसी को बदला जाना अब आवश्यक हो गया है।

विधायक बैरवा ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी और विद्यार्थियों की सुरक्षा से किसी भी तरह का समझौता नहीं किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान ग्रामीणों ने विधायक की तत्परता और संवेदनशीलता की सराहना की।

# भगवान परशुराम स्मारक पर हुआ प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव, आज निकलेगी भव्य कलश यात्रा

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा



**(मूलचंद पेसवानी)।** नगर पालिका शाहपुरा, विप्र सेना एवं सर्व ब्राह्मण समाज के संयुक्त तत्वावधान में भगवान परशुराम स्मारक पर आयोजित मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का दूसरा दिन धार्मिक उत्साह और भक्ति भाव से संपन्न हुआ। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भगवान परशुराम की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा विधिवत की गई।

सुबह हवन और पूजा-अर्चना के बाद सायं सहस्त्र जलधारा अभिषेक किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने दूध, दही, घी, शहद और शक्कर से भगवान का अभिषेक किया। परशुराम जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय बन गया। नगर पालिका के सहयोग से स्थल की भव्य सजावट की गई।

आयोजन समिति ने बताया कि महोत्सव का उद्देश्य समाज में एकता और संस्कारों को मजबूत करना है। रविवार, 5 अक्टूबर को सुबह 9.15 बजे बालाजी की छतरी से भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी, जो मुख्य मार्गों से होते हुए परशुराम सर्किल पहुंचेगी।

शोभायात्रा में सैकड़ों महिला-पुरुष पारंपरिक वेशभूषा में शामिल होंगे। इसके बाद परशुराम जी की मूर्ति का अनावरण, महाआरती और कॉलेज ग्राउंड में विशाल धर्मसभा का आयोजन होगा, जिसमें जगद्गुरु श्री श्यामशरण देवाचार्य श्रीजी महाराज प्रवचन देंगे।

आयोजन में समाजबंधुओं, महिला मंडल और युवाओं की सक्रिय भागीदारी रही। पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा और यातायात की विशेष व्यवस्था की है।

# कोटड़ी मंडल में आत्मनिर्भर भारत संकल्प कार्यशाला आयोजित

भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी ग्रामीण

**दिनेश पारीक** । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत कोटड़ी मंडल में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उपजिला प्रमुख शंकरलाल गुर्जर, अध्यक्षता जिला महामंत्री कन्हैयालाल जाट ने की, जबकि विशिष्ट अतिथि मंडल अध्यक्ष प्रहलाद सेन रहे। मुख्य अतिथि शंकरलाल गुर्जर ने कहा कि भारत की परंपरा सदैव स्वदेशी उत्पादन पर आधारित रही है, जिसे मोदी सरकार ने नई प्राथमिकता दी है। जिला महामंत्री कन्हैयालाल जाट ने स्वदेशी उत्पादन को राष्ट्र की मजबूती का आधार बताया।



इस अवसर पर सुदर्शन गाड़ोदिया , धर्मचंद जीनगर, राघव आचार्य, सीताराम रायका, राजेंद्र हाडा, शिवराज खटीक, चंद्रवीर सिंह सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# विधायक गोपीचंद मीणा ने किया बीहाडा ग्रामीण सेवा शिविर का उद्घाटन, ग्रामीण हुए लाभान्वित

भीलवाड़ा फोकस @ जहाजपुर।

पडेर क्षेत्र की बीहाडा ग्राम पंचायत में शनिवार को ग्रामीण सेवा शिविर का आयोजन किया गया। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में आयोजित शिविर का उद्देश्य ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं और सेवाओं से जोड़ना रहा ।

मुख्य अतिथि विधायक गोपीचंद मीणा ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। प्रधान प्रतिनिधि किशोर कुमार शर्मा की अध्यक्षता में और ग्रामीण मंडल अध्यक्ष मांगीलाल जैन की सहभागिता से आयोजित शिविर में सभी विभागों के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।



कार्यक्रम के दौरान ग्रामवासियों को 22 पट्टे, 10 जॉब कार्ड और 4 जन्म- मृत्यु प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। इसके अलावा, ग्रामीणों द्वारा कस्बे में साफ-सफाई की शिकायत दर्ज कराई गई। प्रधान प्रतिनिधि के निर्देश पर ग्राम विकास अधिकारी और अन्य अधिकारियों ने मौके पर सफाई सुनिश्चित करवाई।

इस अवसर पर उपखंड अधिकारी राजकेश मीणा, विकास अधिकारी सीताराम मीणा, ग्राम विकास अधिकारी सत्यनारायण शर्मा, समाजसेवी दीपक गुर्जर, भाजपा नेता ज्ञानचंद कंजर, रामप्रसाद जाट, अजय मीणा, मनीष श्रीमाल, रामराज शर्मा और अमित शर्मा सहित कई ग्रामीण उपस्थित रहे।

# संघ की शताब्दी पर विजयादशमी उत्सव, शस्त्र पूजन और घोष वादन हुआ

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलियां।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में नगर में विजयादशमी उत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संघ के स्वयंसेवक पूर्ण गणवेश में शामिल हुए, वहीं कस्बे के गणमान्य नागरिक और मातृशक्ति की भी बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। उत्सव के दौरान पारंपरिक रूप से शस्त्र पूजन किया गया और स्वयंसेवकों द्वारा घोष वादन प्रस्तुत किया गया।



कार्यक्रम के मुख्य वक्ता विद्या भारती के प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्य अशोक व्यास रहे। उन्होंने कहा कि संघ अपनी स्थापना से लेकर अब तक राष्ट्रहित के कार्यों में निरंतर सक्रिय रहा है। उन्होंने संघ के आनुषंगिक संगठनों अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, विश्व हिंदू परिषद और भारतीय मजदूर संघ के महत्व पर भी प्रकाश डाला।

व्यास ने बताया कि संघ के शताब्दी वर्ष में पूरे देशभर में कई महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिनमें पंच परिवर्तन, नागरिक कर्तव्य, सामाजिक समरसता, स्वत्व भाव का विकास, कुटुंब प्रबोधन और पर्यावरण संरक्षण जैसे विषय शामिल हैं। उन्होंने यह भी कहा कि संघ के स्वयंसेवक घर-घर जाकर हर हिंदू परिवार तक पहुंचेंगे, ताकि समाज निर्माण के इस पवित्र कार्य में सभी की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित हो सके।

# शिक्षकों की निष्ठा से खिला सेवाश्रम , एक साल में पांच से बढ़े 51 नन्हे कदम



भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

बौद्धिक दिव्यांग बच्चों की शिक्षा और पुनर्वास के लिए संचालित सेवाश्रम विद्यालय ने अपनी पहली वर्षगांठ मनाई। एक वर्ष पहले मात्र पाँच विद्यार्थियों से शुरू हुआ यह विद्यालय अब 51 बच्चों की शिक्षा का केंद्र बन गया है।

समारोह में भगवती सेवा एवं शिक्षण संस्था चित्तौड़गढ़ के संस्थापक रामगोपाल ओझा ने कहा कि शिक्षकों की निष्ठा और समर्पण से यह छोटा पौधा अब वटवृक्ष बन चुका है। अध्यक्ष मधु काबरा ने विद्यालय में जिमनास्टिक और स्पीच थैरेपी जैसी गतिविधियों की जानकारी दी, जबकि सचिव गिरीश अग्रवाल ने बताया कि वर्षगांठ पर निशुल्क नेत्र, दंत एवं ईएनटी जांच शिविर आयोजित किया गया, जिसमें 45 बच्चों की जांच की गई। पीटीएम में 41 अभिभावकों ने भाग लिया और विद्यालय की गतिविधियों पर संतोष जताया। कार्यक्रम में डॉ. वैभव पारीक, मनीता तोषनीवाल, प्रेमलता ओझा, रजनीकांत आचार्य सहित कई गणमान्य उपस्थित रहे।

# खैरूणा स्कूल में सुविधाओं का विस्तार, पेयजल टंकी व टीन शेड कार्य पूर्ण



भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी ग्रामीण

**दिनेश पारीक** । उपखंड क्षेत्र की उदलियास ग्राम पंचायत के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय खैरूणा में शनिवार को विकास कार्यों का शुभारंभ सरपंच धापु लक्ष्मण गाडरी एवं संस्था प्रधान मधु शर्मा के सानिध्य में किया गया।

विद्यालय में विद्यार्थियों के लिए पेयजल हेतु मोटर व टंकी स्थापित की गई तथा रसोईघर के बाहर बरामदे में टीन शेड लगाया गया। इन कार्यों से विद्यार्थियों को गर्मी व वर्षा दोनों मौसमों में बेहतर सुविधाएं मिलेंगी।

इस कार्य में भामाशाह मिट्ठू सिंह राठौड़, देवीलाल चौधरी, कल्याणमल गाडरी सहित अनेक ग्रामवासियों और विद्यालय स्टाफ का सहयोग रहा। शिक्षक जगदीशचंद्र तिवाड़ी की भूमिका विशेष रूप से सराहनीय रही। विद्यालय परिवार ने सभी सहयोगकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।

## QUICK BITES

### गुलमंडी स्कूल में किशोरियों के लिए माहवारी प्रबंधन व स्वच्छता पर कार्यशाला

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा-



**पेसवानी।** राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, गुलमंडी में बाल व महिला चेतना समिति, भीलवाड़ा और डायरेक्ट एक्शन फॉर वूमेन नाऊ के संयुक्त तत्वाधान में माहवारी प्रबंधन एवं व्यक्तिगत स्वच्छता विषयक कार्यशाला आयोजित की गई।

कार्यशाला में उदयपुर से आई विशेषज्ञ शशि प्रभा ने छात्राओं को माहवारी चक्र, स्वच्छता, संतुलित आहार, व्यायाम और मानसिक स्वास्थ्य के बारे में जानकारी दी। उन्होंने सेनेटरी नैपकिन व री-यूज़ेबल पैड के सुरक्षित उपयोग और संक्रमण से बचाव के उपाय भी समझाए।

संस्था अध्यक्ष तारा अहलूवालिया ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम किशोरियों में आत्मविश्वास और जीवन कौशल विकसित करते हैं। विद्यालय की प्रधानाचार्य सुनीता जीनगर ने आयोजन की सराहना की। छात्राओं ने इसे अत्यंत लाभकारी बताया। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक और समिति के कार्यकर्ताओं ने सहयोग दिया।

### श्वांस रोगियों के लिए खीर में दवा का निःशुल्क वितरण

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।



शरद पूर्णिमा के अवसर पर श्री श्री 1008 श्री खांखरा वाले देवता इन्द्रा मार्केट वालों की पहल पर श्वांस रोगियों के लिए खीर में मिलाई जाने वाली विशेष दवा का निःशुल्क वितरण 6 अक्टूबर तक जारी रहेगा। रोगीयो को दवा लेने से 6 घंटे पहले उपवास रखना होगा ।

अशोक कुमार चेचाणी ने बताया कि दवा इन्द्रा मार्केट स्थित कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। इसके अलावा 5 अक्टूबर को सांगानेर महेश भवन में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन भी किया जाएगा।

### जाट समाज सामूहिक विवाह पंजीयन में जुटा, डॉक्टर और व्याख्याता बने प्रेरणा

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।



राजस्थान मेवाड़ जाट महासभा, के तत्वाधान में आगामी 1 नवंबर को होने वाले तृतीय जाट सामूहिक विवाह की तैयारियां जोरों पर हैं। समाज की टीम गांव-गांव और ढाणी-ढाणी घूमकर शादी योग्य युवक-युवतियों का पंजीयन करा रही है। इस बार शिक्षित वर्ग ने भी सामूहिक विवाह को अपनाकर प्रेरणादायक संदेश दिया है। डॉ. ओम प्रकाश इचोलिया सोपुरा, कोटडी और व्याख्याता मीनाक्षी कुमारी कस्वा सुवाणा ने अपने विवाह के लिए पंजीयन कराया और कहा है कि समाज में दिखावटी शादियों की बजाय शिक्षा और सादगी को महत्व देना चाहिए।

### तिलस्वाँ में ग्रामीण सेवा शिविरः भूमि व आवास पट्टे का त्वरित निपटारा

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया



**( मानव तिवाडी)** । उपखंड क्षेत्र के तिलस्वा में शनिवार को ग्रामीण सेवा शिविर का आयोजन मांडलगढ़ विधायक गोपाल खंडेलवाल के मुख्य आतिथ्य एवं उपखंड अधिकारी अजीत सिंह राठौड़ की अध्यक्षता में हुआ । शिविर में ग्रामीणों की समस्याओं का त्वरित और प्रभावी समाधान किया गया। शिविर में ललिता पत्नी शंभु लाल, शंकरी पत्नी प्रभुलाल और रामचंद्र पत्नी मोहन निवासी इन्द्रपुरा ने अपने पुश्तैनी मकानों के पट्टे की मांग उपखंड अधिकारी के समक्ष रखी। त्वरित संज्ञान लेते हुए शिविर प्रभारी ने ग्राम विकास अधिकारी को तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिए। विधायक खंडेलवाल ने संबंधित लाभार्थियों को मौके पर ही पट्टा वितरित किया ।

इसी दौरान ग्राम तिलस्वाँ के खातेदारी भूमि के बंटवारे को लेकर कन्हैयालाल पुत्र हीरालाल एवं नीला पुत्र हीरा ने लिखित प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया। तहसीलदार ललित डीडवानिया ने दोनों पक्षों के दस्तावेजों की मौके पर गहन जांच की और नियमानुसार आदेश पारित कर तत्काल निस्तारण किया।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कम्प्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।